न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 33/2021 बउनवानी लक्ष्मीनारायण बनाम लो.सू.अधि.एवं मु.कार्यकारी अधि.जि.प.स0मा0
पुत्र श्री भगवान सहाय सैनी, नि.दुकान नं.–21 सालासर वाटिका–6,
नाथ जी की थडी के पास झोटवाड जयपुर

GCMS No-2021/74

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
14.7. 2021	

पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। सहायक लोक सूचना एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, की ओर से प्रतिनिधि उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 21.2.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः–

:–प्रार्थी द्वारा दिनांक 10.01.2021 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सवाईमाधोपुर को एक पत्र लिखा गया था जिनका विषय **"महापुरा मैन रोड से कुम्हारो की झोपडिया होकर खेडा तक जाने वाले आम रास्ता पर जंगली बबूल(कटीली बूलिया)को हटाकर मोरम व सीमेन्टेड सीसी रोड बनवाने बाबत"** था। उक्त प्रा0 पत्र पर निम्न सूचना उपलब्ध करावेः–

1. उक्त प्रा0पत्र की प्रति एवं संलग्न किये गये दस्तावेज।
2. उक्त पत्र को डाक आवक जावक रजिस्टर के जिस पृष्ठ पर इन्द्राज किया है उसकी प्रति।
3. उक्त लिखे गये पत्र पर चलाई गयी समस्त नोटशीटे।
4. संबंधित समस्त पत्रावलियों के आगे व पीछे के फाईल कवंर।
5. उक्त पत्र पर की गयी समस्त कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज।
6. उक्त पत्र के संबंध में आपके विभाग द्वारा एवं अन्य किसी विभाग द्वारा किया गया समस्त प्रकार का पत्राचार की प्रति।
7. उक्त पत्र के संबंध मे संधारित समस्त पत्रावली।
8. उक्त पत्र पर विभाग मे कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी/लोकसेवक का नाम, पिता का नाम,दूरभाष नम्बर,निवासी स्थान का पता, वर्तमान पदस्थापन की सूचना उपलब्ध करावे।
9. उक्त पत्र पर विभाग द्वारा कार्यवाही जिस नियम के तहत नही की गयी है उसकी प्रति।
10. उक्त पत्र पर विभाग मे कार्यवाही नही करने वाले जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी/लोक सेवक का नाम, पिता का नाम,दूरभाष नम्बर, निवास स्थान का पता तथा वर्तमान पदस्थापन से संबंधित सूचना उपलब्ध करावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी।

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी उपस्थित प्रतिनिधि ने लोक सूचना अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक जिप/पंचा/सू.का.अ./21/357 की ओर ध्यान आकर्षित कर कथन किया कि अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 21.2.2021 मे चाही गयी सूचना मे से बिन्दु संख्या 1से 8 तक बिन्दुवार सूचना जरिये पत्रांक 12066–67 दिनांक 18.3.2021 एवं पुनः पत्रांक 347–48 दिनांक 1.7. 2021 से रजिस्टर्ड डाक भिजवायी जा चुकी है। तथ बिन्दु संख्या ,9,10 की कार्यवाही ग्राम पंचायत स्तर पर प्रक्रियाधीन होने के कारण सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया।

जिला परिषद के प्रतिनिधि द्वारा [illegible] कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के [illegible] इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के [illegible] 21.2.2021 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1लगायत 8 की [illegible] अधिकारी द्वारा अपी[illegible] को निःशुल्क उपलब्ध करवायी जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या 9,1[illegible] की सूचना उपलब्ध कर[illegible]ना आवश्यक नही है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल [illegible] होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajendra Kishan
Date: 2021.10.22 16:38:48 IST
Reason: SelfAttested

(राजेन्द्र किशन)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर